# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना

(DEPT. OF HR & ADMINISTRATION)

**(Regd. Office:- Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)**

Contact No.: 7763817975,7763818077, email-dgmhr1015.bsptcl@gmail.com, website-www.bsptcl.in

TIN VAT NO-10011257007, TIN CST NO-10011146136, CIN- U74110BR202SGC018889


संकल्प सं.- T-I/PF/ESE-28001/2019 1986 पटना, दिनांक- 12/08/2025

श्री सुनील कुमार गुप्ता (Emp.ID- E04231), विद्युत अधीक्षण अभियंता (SLDC), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना के विरुद्ध इस कार्यालय के संकल्प सं. 553 दिनांक 28.02.2025 के साथ संलग्न आरोप पत्र में विनिर्दिष्ट स्वेच्छाचारिता यथा बिना सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन के M/S Temflo Systems Pvt. Ltd. तथा M/S Mercados Energy Markets India Pvt Ltd. के Consortium में से एक पार्टनर M/S Temflo Systems Pvt. Ltd. को Performance Certificate दिनांक 03.12.2024 निर्गत करने जिसमें ऐसे मानकों का इस्तेमाल किया गया, जो प्रचलन में नहीं है, के आरोप पर विभागीय कार्यवाही संचालित की गई। उक्त विभागीय कार्यवाही में श्री सुनील कुमार झा, सेवानिवृत्त उप विकास आयुक्त, बिहार सरकार को जाँच पदाधिकारी एवम् श्री आशीष कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा-1, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

श्री सुनील कुमार झा, जाँच पदाधिकारी द्वारा जाँचोपरांत जाँच प्रतिवेदन उनके पत्रांक 77 दिनांक 22.05.2025 के माध्यम से समर्पित किया गया। जाँच पदाधिकारी द्वारा जाँच प्रतिवेदन में आरोपी पदाधिकारी श्री सुनील कुमार गुप्ता के विरुद्ध लगाये गये आरोप को अंशतः प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन, उपस्थापन पदाधिकारी के लिखित प्रतिवेदन एवं आरोपी के लिखित प्रतिवेदन, गवाहों के गवाही एवं अन्य सुसंगत अभिलेखों की पूर्णरुपेण समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत, जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं निष्कर्ष से सहमत होते हुए सक्षम प्राधिकार द्वारा श्री गुप्ता से कंपनी के संकल्प सं. 1405 दिनांक 09.06.2025 के माध्यम से द्वितीय कारण पृच्छा निर्गत की गई।

श्री सुनील कुमार गुप्ता द्वारा उक्त द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब दिनांक 23.06.2025 को समर्पित किया गया। श्री गुप्ता द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा जवाब में उल्लेखित तथ्यों की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत यह पाया गया कि स्पष्टतः यह मामला कंपनी के कार्य से जुड़े किसी खास एजेन्सी को फायदा पहुँचाने के इरादे से किया गया प्रतीत होता है। आरोपी पदाधिकारी द्वारा सक्षम प्राधिकार से अनुमति तक नहीं ली गई और Certificate में Out of way जाकर मानकों का प्रयोग किया गया। श्री गुप्ता द्वारा अपने जवाब में उपरोक्त बिंदुओं को स्पष्ट करने के बजाय इस संबंध में DoP में स्पष्ट प्रावधान नहीं होने तथा परियोजना प्रभारी होने के नाते ऐसा करने का Justification दिया गया है, जो स्वीकार्य नहीं है। इसके अलावे श्री गुप्ता द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में पूर्व में समर्पित स्पष्टीकरण जवाब में उल्लेखित तर्कों/तथ्यों को ही दोहराया गया है तथा उनके द्वारा अपने बचाव में कोई नया तथ्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

(कृ.पृ.उ.)

श्री सुनील कुमार गुप्ता, विद्युत अधीक्षण अभियंता (SLDC), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना का यह कृत्य बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के कंडिका 3(1)(iii) का उल्लंघन है। अतः सक्षम प्राधिकार द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील), 2005 (यथा संशोधित 2007) के तहत श्री सुनील कुमार गुप्ता को ***'निन्दन'*** की शास्ति अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया है।

तदनुसार, श्री सुनील कुमार गुप्ता, विद्युत अधीक्षण अभियंता (SLDC), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को ***'निन्दन'*** की शास्ति अधिरोपित की जाती है।

**आदेश-** आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति श्री सुनील कुमार गुप्ता, विद्युत अधीक्षण अभियंता (SLDC), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को अग्रसारित किया जाय।

आदेशानुसार,

ह./-
(दीपक कुमार)
उप सचिव

ज्ञापांक- ____________________ /पटना दिनांक- ________________

प्रतिलिपि- अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना/नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना/बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह./-
(दीपक कुमार)
उप सचिव

ज्ञापांक- ____________________ /पटना दिनांक- ________________

प्रतिलिपि- महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.), बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/ बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह./-
(दीपक कुमार)
उप सचिव

ज्ञापांक- 1987 /पटना दिनांक- 12/08/2025

प्रतिलिपि- निदेशक (परियोजना)/ निदेशक (परिचालन)/सभी मुख्य अभियंता/ महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ उपमहाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/सभी महाप्रबंधक-सह-मुख्य अभियंता, संचरण जोन/प्रशासक (मास्टर ट्रस्ट), बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल/वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/DBA, BSPTCL/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमंडल/सभी सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल/सभी लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल/लेखा पदाधिकारी (स्थापना)/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ श्री सुनील कुमार गुप्ता, विद्युत अधीक्षण अभियंता (SLDC), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. DBA, BSPTCL से अनुरोध है कि इसे कंपनी के वेबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा की जाय।

12.8.25

(दीपक कुमार)

उप सचिव

12.08.25